http://www.sgbauonline.com/



**Bachelor of Performing Arts (B.P.A.—I) Semester—III Examination**

**HINDI**

**(Compulsory Language)**

समय : तीन घंटे] [कुल अंक : 80

1. दीर्घोत्तरी प्रश्न :—

(अ) 'सा विधा या विमुक्तये' कथन की सार्थकता 'शिक्षा का उद्देश्य' निबंध के आधार पर सिद्ध कीजिए।

अथवा

'लतीफ घोंधी संस्मरण में लोगों के आचरण में व्याप्त खोखलेपन पर प्रहार किया गया है।' तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए। 8

(आ) लघूत्तरी प्रश्न (किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए) :—

(1) 'आदमी का बच्चा' समाज में व्याप्त आर्थिक विषमता का चित्रण करनेवाली कहानी है। लिखिए।

(2) 'ग्राम लक्ष्मी की उपासना' निबंध में लेखक स्वदेशी वस्तुएं अपनाने पर क्यों बल देते हैं ? लिखिए।

(3) बैलगाडी की यात्रा में जो आनन्द है, वह आज के द्रुतगती के वाहनों की यात्रा में नही है। समझाइये।

(4) एलबर्ट आइन्स्टीन के जीवन की महत्वपूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डालिये। 2×4=8

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** कविताओं का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए :—

(1) संत नामदेव के दोहे।

(2) संत रैदास के पद।

अथवा

(3) पूँजीवादी समाज के प्रति।

(4) प्रभाती। 2×8=16

3. (अ) निम्नलिखित उक्ति का पल्लवन कीजिए (कोई **एक**) :—

अधजल गगरी छलकत जाए। 8

अथवा

का बरखा जब कृषी सुखानी। 8



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

(आ) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए। (कोई एक) :

पुस्तक से अधिक लाभ और किसी वस्तु से नहीं। यही एकमात्र सहज आधार है, जिसमें कोई व्यक्ति अत्यधिक ज्ञान हासिल कर सकता है। पुस्तक ज्ञान का भंडार होती है पुस्तक में ऐसी ताकत है कि वह सोये देश की जनता में जागृति का मन्त्र फूँक दे। रूसो की पुस्तक फ्रांस की राज्यक्रांति का कारण बनी। गाँधी की वाणी और पुस्तकों ने समस्त भारत को अंग्रेजों के विरुद्ध डटकर खड़ा होने का संदेश दिया। लेनिन की पुस्तक क्रांतिकाल में रूस की मार्गदर्शिका बनी। इस तरह हम देखते है कि बादशाह की बादशाहत को पलट देने की अकथनीय शक्ति पुस्तक में है। मनुष्य का भौतिक शरीर नाशवान है पर उसके द्वारा लिखित पुस्तक उसके नाम को अमर बना देती है। हम आज भी वाल्मीकि, तुलसी एवं सूर का नाम बड़ी श्रद्धा से लेते है। पुस्तक अकेलेपन का साथी है, यह मनोरंजन का श्रेष्ठ साधन है। 8

अथवा

श्रम से अर्जित लाभ का जो सुख होगा वही ब्रह्मानंद की प्राप्ति करायेगा, अन्यथा उस अमृत तक पहुँचने के लिए अर्वाचीन मानव के पास और मार्ग नहीं है। अथवा समझ में न आनेवाले, जीवन में पूरे न उतरने वाले, ढेर के ढेर धर्मध्वजी बोलों से क्या लाभ ? हमें तो उसी उत्तम लोक की ओर बढ़ना है जहाँ मन की सच्चाई है, कर्म और विचारों की एकता है, अपने ही किए हुए कर्म के लाभ से संतोष है, पराई सेवा करने की चाह है, व्यक्ति के सुख और सामूहिक सुख का मेल है और कायिक श्रम के प्रति भय और उदासीनता के बजाय नया स्वागत, नया उत्साह और नेत्रों में नई चमक है। 8

4. सामान्य भाषायी ज्ञान :

(I) निम्नलिखित में से किन्हीं दो समश्रुत शब्दों के अर्थभेद लिखिए :— 2

(1) कुल — कूल

(2) चेता — चिंता

(3) ग्रह — गृह

(4) संदेह — सदेह

(II) निम्नलिखित मे से किन्हीं दो समानार्थी शब्दों में सूक्ष्म अंतर स्पष्ट कीजिए :— 2

(1) उद्देश्य — लक्ष्य

(2) उपहास — व्यंग्य

(3) भवन — भुवन

(4) औषधालय — चिकित्सालय।



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

(III) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के **दो-दो** विभिन्न प्रयोग लिखिए :— 2

(1) आकाश

(2) पृथ्वी

(3) मेघ

(4) हवा।

(IV) निम्नलिखित वाक्यों में से **दो** को अन्वय के अनुसार क्रमबद्ध कीजिए :— 2

(1) राम ने किताब पढ़ा।

(2) मैंने एक कुत्ता खरीदी।

(3) रमा ने ममता को बुलाई।

(4) मीरा ने जाम खाई।

(V) निम्नलिखित वाक्यों में से निर्देशानुसार **दो** पदान्वय लिखिए :— 2

(1) सौरभ के मकान के चारों ओर पेड़ है।

(उपरोक्त वाक्य में से स्थानवाचक पदान्वय लिखिये)

(2) गाय चारा खा रही है।

उपरोक्त वाक्य में गाय _____ पदान्वय है।

(संख्यावाचक, स्थानवाचक, जातिवाचक)

(3) कालेखाँ पहलवान का हाथी समान विशाल शरीर था।

(उपरोक्त वाक्य में विशेषण पदान्वय लिखिए)

(4) राधा ने पाँच आम लता को दिए।

(उपरोक्त वाक्य में से संख्यावाचक पदान्वय लिखिये।)

(VI) निम्नलिखित में से कोई **दो** शब्दों की संधि कीजिए :— 2

(1) अधि + अयन

(2) महा + इन्द्र

(3) प्रति + एक

(4) अति + अंत।

(VII) निम्नलिखित में से कोई **दो** समास बनाइये :— 2

(1) विधि के अनुसार

(2) मरण तक

(3) कमल के समान नयन

(4) ग्राम का वासी।



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

(VIII) निम्नलिखित में से कोई दो शब्दों का विग्रह कीजिये :— 2

(1) परमेश्वर

(2) चन्द्रोदय

(3) अहंकार

(4) सच्चिदानन्द।

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ एवं अतिलघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों के अनुसार लिखिए :— 16

(1) शिक्षा अपने सीमित अर्थ में जीवन के लिए तैयारी मानी जा सकती है, परंतु व्यापक अर्थ में वह जीवन का चरम ______ ही रहेगी। (उत्कर्ष, उद्देश्य, सार्थकता)

(2) बेढब बनारसी का मूल नाम लिखिये।

(3) 'बुद्धिमानों के बीच' किस विधा की रचना है ?

(4) बग्गा साहब मिल में किस पद पर प्रतिष्ठित थे ?

(5) 'ग्राम-लक्ष्मी की उपासना' निबंध में गांधीजी की किस संकल्पना को साकार करने का प्रयास किया गया है ? (कृष्णराज्य, लोकशाही, ग्रामस्वराज्य)

(6) आइन्स्टीन के शरीर का कौनसा अवयव प्रिंस्टन अस्पताल में सुरक्षित रखा गया है ?

(7) पाठ्यक्रम में निहित गजल के लेखक का नाम लिखिये।

(8) संत नामदेव के 61 पद 'गुरु ग्रंथ साहब' में मिलते हैं। (सत्य/असत्य)

(9) घनानंद रीतिकाल की ______ काव्यधारा के प्रवर्तक के रूप में प्रसिद्ध हैं।

(रीतिबद्ध, रीतिमुक्त, रीतिसिद्ध)

(10) 'प्रभाती' शीर्षक कविता के कवि ______ को प्रयोगवादी काव्यधारा का कवि माना जाता है।

(11) गजानन माधव मुक्तिबोध को 'तारसप्तक' का प्रमुख कवि माना जाता है। (सत्य/असत्य)

(12) रविदास किस संत का मूल नाम था ?

(13) किसी भी गद्य अथवा पद्य अवतरण के भाव या विचार का विस्तृत विवेचन ______ में की जाती है। (संक्षेपण, पल्लवन, आलेखन)

(14) दो अथवा अधिक पदों का अपनी विभक्तियों को छोड़कर एक पद हो जाना ______ कहलाता है ? (समास, संधि, पदान्वय)

(15) दो वर्णों के मेल से उत्पन्न विकार को व्याकरण में ______ कहा जाता है।

(समश्रुत शब्द, समानार्थी शब्द, संधि)

(16) जिनका उच्चारण समान किंतु अर्थ में भिन्नता होती है ऐसे शब्दों को ______ शब्द कहते हैं।

(विलोम शब्द, समश्रुत शब्द, विग्रह)



http://www.sgbauonline.com/